सार-समाचार

## दो गांवों में सड़कों का लोकार्पण

झुंझुनूं । योगी नाथ समाज के तत्वावधान में किठाना व मालसर गांवों में महायोगी गुरु गोरखनाथ जी का प्रकटोत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने इस अवसर पर गुरु गोरखनाथ के योग, तप और समाज सुधार के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज से एकजुट होकर शिक्षा, संस्कार और सेवा के मार्ग पर चलने का आ ान किया। इस दौरान विधायक भांबू ने अपनी अनुशंसा पर किठाना व मालसर में बनी इंटरलॉक सड़कों का भी लोकार्पण किया। जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन की सुविधा बढ़ेगी। कार्यक्रम में समाज की होनहार बालिकाओं एवं बालकों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर धर्मपाल योगी, बेनीप्रसाद योगी, शैलेश योगी, हिरेंद्र धनखड़, सुभाष योगी, रणजीत योगी, पंकज योगी, बूधराम योगी, सांवरमल योगी, योगी मोहननाथ, पातुसरी प्रशासक उम्मेद सहित समाज के कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में ठाामीण मौजूद रहे

## पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

झुंझुनूं। राजकीय ब्लॉक पशु चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य कार्यालय आबूसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस शुभ अवसर पर पर्यावरण प्रेमी एवं पक्षी मित्र संजय शर्मा, डॉ. जयसिंह फोगाट, अनिल बाडेटिया पशुधन प्रसार अधिकारी, दीपचंद लैबे टेक्निशियन, सुभाष, मंजू पशु परिचर, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के प्रभारी प्रदीप कुमार ने परिंडा लगाया और भीषण गर्मी को देखते हुए परिंडे में नियमित पानी भरने की शपथ ली। इस मौके पर डॉ. जयपाल सिंह फोगाट ने बताया कि मई जून के महीने में व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पुण्य धर्म के काम करने चाहिए। खासकर पक्षी और पशु की तन, मन, धन से सेवा करनी चाहिए। पक्षियों की सेवा करने से भगवान भी खुश होते है। इसलिए हमे ज्यादा से ज्यादा परिंडे लगाकर पुण्य का भागीदार बनना चाहिए।

## जागरूक नागरिक का संदेश

झुंझुनूं। विधायक राजेंद्र भांबू ने जनगणना-2027 के तहत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वगणना प्रपत्र भरकर जागरूक नागरिक का संदेश दिया। विधायक भांबू ने कहा कि जनगणना देश के विकास की रूपरेखा तैयार करने वाली एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया होने के साथ राष्ट्र निर्माण का आधार है। जिसके माध्यम से प्रत्येक नागरिक की जानकारी एकत्रित की जाती है। उन्होंने आमजन से आ ान किया कि 15 मई तक स्वगणना पोर्टल पर दिए गए लिंक के माध्यम से अपनी व अपने परिवार की सही व त्रुटिरहित जानकारी भरकर कर इस महाभियान में जागरूक नागरिक सक्रियता से अपनी भागीदारी निभाए तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करें।

## गर्भवती महिला के लिए एसडीपी दान किया

झुंझुनूं ।जनाना अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला की जरूरत को देखते हुए देपलवास के जितेन्द्र तंवर ने एसडीपी डोनेट किया। गर्भवती महिला की प्लेटलेट्स कम होने पर चिकित्सक ने ए पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता बताई। जिस पर आवाम ठाुप के सदस्य सीताराम बास बुड़ाना द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने पर जितेन्द्र ने ब्लड बैंक में एसडीपी डोनेट की। जिसके बाद महिला ने सकुशल बच्चे को जन्म दिया।

## जन्मदिन मनाया

चूरू । पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस के अवसर पर निवर्तमान सभापति व राजस्थान प्रदेश महिला कांठोस महासचिव पायल सैनी ने रविवार को विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्य किए। इस अवसर पर गरीब व जरूरतमंद बच्चों के साथ सादगीपूर्ण तरीके से केक काटकर गहलोत का जन्म दिवस मनाया। इस दौरान उन्हें फल व जूस भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही नंदीशाला में गौवंश को हरा चारा व तरबूज खिलाकर सेवा की भावना को साकार किया गया। वहीं नंदीशाला में पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर पर्यावरण व जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश दिया गया।

# काबिल बनने के बाद समाज को कभी ना भूलें : डॉ. आर्य

झुंझुनूं । डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी झुंझुनूं के तत्वावधान में अनुसूचित जाति के संपूर्ण जिले के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया। 10वीं व 12वीं आरबीएसई-सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत और इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इनमें 66 मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न भामाशाहों की तरफ से तथा शेष 131 विद्यार्थियों को सोसायटी की तरफ से कुल 197 मेधावी विद्यार्थियों को 5.21 लाख रूपए से अधिक का नगद पारितोषिक दिया गया। सोसायटी के संरक्षक महावीर सानेल ने बताया कि डॉ. सीताराम गोठवाल व राजीव कुमार वर्मा दो-दो तथा ताराचंद एएओ ने एक मेधावी विद्यार्थी को 11-11 हजार रूपए, संतकुमार महरिया राणासर ने 11 विद्यार्थियों को 51-51 सौ रूपए, सुखदेव सिंह सिरोवा बासड़ी परिवार की ओर से 3100-3100 रूपए, डॉ. महेंद्र कुमार सानेल के परिवार ने 20 विद्यार्थियों 2100-2100 रूपए का नगद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा 131 विद्यार्थियों को भी 2100-2100 रूपए सोसायटी की ओर से दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम डॉ. अजय कुमार आर्य थे। उन्होंने इस मौके पर डॉ. अंबेडकर को प्रेरणा स्त्रोत बनाने तथा माता-पिता-गुरूजनों का सम्मान करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में काबिल बनने के बाद समाज को कभी ना भूलें। कार्यक्रम को मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. प्रमोद नारनोलिया, डॉ. सीताराम महरिया, सुखदेव सिंह सिरोवा, सोसायटी अध्यक्ष अमरसिंह धीरज तथा तनसुख सानेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, जयलाल सिंह, रामनिवास भूरिया, पत्रकार शक्तिसिंह, राधेश्याम खारिया, डॉ. संपत्त बारूपाल, सत्यनारायण गर्वा, रामनिवास जिनोलिया, कर्नल लीलाधर चौहान, प्रदीप चंदेल, महेंद्र सिंह नरहड़, रामस्वरूप सिंह, ओमनारायण, सुरेश बेसरवाल, नौरंगलाल सानेल, गणपतलाल रैगर.बालाराम रांगेरा आदि मौजूद थे। सभी उपस्थित विद्यार्थियों व अतिथियों के भोजन की व्यवस्था राधेश्याम खारिया की ओर से की गई। इस कार्यक्रम में कुल पांच लाख 21 हजार 200 रूपए के नगद पुरस्कार दिए गए। सानेल ने बताया कि समाज के मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए और उन्हें आगे बढाने के लिए लगातार सोसायटी अपना सहयोग करती रही है। जो आगे भी जारी रहेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को पढाई के लिए अच्छा माहौल मिले। इसके लिए भी सोसायटी कृत संकल्पित है।

## फ्री मेडिकल कैंप आयोजित

झुंझुनूं। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस अस्पताल में सेवा और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए दो विशेष चिकित्सा शिविरों का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय एमजेएफ लॉयन मानाराम जांगिड़ की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अमरावती देवी एवं उनके सुपुत्रों के आर्थिक सौजन्य से आयोजित किया गया। सुबह तीन घंटे तक चले इस शिविर में दी फैमिली केयर क्लीनिक की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा पांडे ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में कुल 68 रोगियों ने अपना पंजीकरण कराया। सभी मरीजों की ब्लड प्रेशर (बीपी) और शुगर की निशुल्क जांच की गई। मधुमेह शिविर में डॉ. पांडे के परामर्श के पश्चात, चिह्नित रोगियों को एक माह की दवाइयां फ्री दी गई। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिली।

इसी परिसर में समान समय अंतराल पर बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर भी आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न बीमारियों से ठासित 28 रोगियों का पंजीयन किया गया। डॉ. प्रज्ञा पांडे द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद मरीजों को क्लब के मेडिसिन बैंक से सात दिवस की दवाइयां निशुल्क वितरित की गईं। शिविर के सफल संचालन में दानदाता परिवार के लॉयन शुभकरण जांगिड़ ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक भांबू ने दी 41 लाख के विकास कार्यों की सौगात

■ विधायक ने आमजन से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

झुंझुनूं । शहर के वार्ड नंबर 27 में विकास कार्यों को नई गति देते हुए स्थानीय विधायक राजेंद्र भांबू ने करीब 41 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने वार्ड का दौरा भी किया और आमजन से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। वार्डवासियों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। जिसमें सैंकड़ों लोग शामिल हुए और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि वार्ड नंबर 27 को विकास की दृष्टि से किसी भी स्थिति में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिन कार्यों का शिलान्यास किया गया है। उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में यदि वार्ड में किसी भी प्रकार के विकास कार्य की आवश्यकता होगी, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर भांबू ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इस वार्ड की उपेक्षा की है। जिसके कारण वार्ड में विकास की काफी जरूरत है। शहर में हर वार्ड का बिना किसी भेदभाव के विकास करवाया जा रहा है। विधायक ने वार्ड में भ्रमण के दौरान लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। स्थानीय लोगों ने उन्हें क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी, सड़क, नाली और अन्य विकास कार्यों की जरूरत से अवगत कराया। विधायक ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जाएग। इस मौके पर शहर के पार्षद संजय पारीक, इदरीश, भाजपा कार्यकर्ता बाबर चोपदार, याकूब अली, जीवन, हाजी राशिद मनियार, लियाकत मलावत, लियाकत तेली, असगर, राजा मोहम्मद, सिकंदर भाटी, तनवीर भाटी, मोहम्मद नवीर भाटी, शाहरुख, परवेज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वार्ड के निवासियों ने बताया कि पिछली सरकार के दौरान यह वार्ड उपेक्षित रहा और यहां किसी प्रकार के ठोस विकास कार्य नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अब वर्तमान में विकास कार्यों के शिलान्यास के बाद वार्ड में बदलाव की उम्मीद जगी है। लोगों का मानना है कि इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम वार्ड नंबर 27 के लिए एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

## झुंझुनूं में नीट परीक्षा 21 केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न

झुंझुनूं। नीट यूजी 2026 की परीक्षा रविवार को झुंझुनूं जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। खास बात यह रही कि परीक्षार्थियों द्वारा इस बार का पेपर गत वर्ष के मुकाबले आसान बताया जा रहा है। जिससे परीक्षार्थियों ने मेरिट 650 से ऊपर जाने की संभावना जताई है। झुंझुनूं जिले में बनाए गए 21 परीक्षा केंद्रों में से 17 केंद्र झुंझुनूं जिला मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों में स्थापित किए गए थे। जबकि नवलगढ़, मुकुंदगढ़, बिसाऊ और चिड़ावा में भी एक-एक केंद्र बनाया गया। इन केंद्रों पर कुल 6483 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 6379 उपस्थित हुए और 104 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति प्रतिशत लगभग 98.40 रहा। जो कि काफी अच्छा माना जा रहा है। यही कारण है कि भीषण गर्मी के बावजूद अभ्यर्थियों में उत्साह देखने को मिला। परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरे तनावमुक्त नजर आए। अधिकांश परीक्षार्थियों का कहना था कि पेपर सिलेबस के अनुसार और पिछले वर्ष की तुलना में आसान था। परीक्षार्थियों ने अनुमान जताया कि इस बार मेरिट 650 से ऊपर जा सकती है। उनका कहना था कि प्रश्नपत्र का स्तर संतुलित था और तैयारी करने वाले छात्रों के लिए स्कोर करना आसान रहा। प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।

सार-समाचार

## एलईडी वैन से योजनाओं की दी जानकारी

झुंझुनूं, । झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की पातूसरी पंचायत में राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से एलईडी मोबाइल वैन अभियान के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलईडी वैन के माध्यम से ठाामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। रात्रि चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ठाामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इससे ठाामीणों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच रही हैं। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई, तहसीलदार महेंद्र मूंड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तरह, उदावास पंचायत में ठााम रथ अभियान के अंतर्गत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से ठाामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू की अध्यक्षता में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ठाामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस अवसर पर विधायक भाम्बू ने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं जिला जेल में कैदियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

झुंझुनूं, 3मई । जिला जेल झुंझुनूं में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अब वहां शुद्ध पेयजल (आरओ वॉटर) की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की प्रेरणा और जयपुर के एक फाउंडेशन के सौजन्य से जेल परिसर में एक बड़ा आरओ प्लांट लगाया जाएगा। जिला जेल अधीक्षक गंगाराम ने बताया कि जेल में वर्तमान में लगा छोटा आरओ प्लांट कैदियों की संख्या के अनुसार पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं करवा पा रहा था। भीषण गर्मी के मौसम में पीने के पानी की किल्लत को देखते हुए उन्होंने जिला कलेक्टर को इस समस्या से अवगत कराया था। कलेक्टर की पहल पर लॉयंस क्लब झुंझुनूं और श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था द्वारा शीतल जल अभियान के तहत वॉटर कूलर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में डॉ. डीएन तुलस्यान के माध्यम से जयपुर के एक फाउंडेशन से संपर्क किया गया। जिस पर फाउंडेशन ने सहर्ष अपनी स्वीकृति प्रदान की। डॉ. डीएन तुलस्यान ने जानकारी दी कि लहर फाउंडेशन के ट्रस्टियों ने ना केवल प्लांट लगाने की मंजूरी दी है। बल्कि इसके 3 वर्ष तक के रखरखाव की जिम्मेदारी भी उठाई है। फाउंडेशन ने सीकर की एजेंसी के साथ तीन साल का अनुअल मेंटीनेंस कांट्रेक्ट भी किया है। जिससे अगले तीन वर्षों तक जेल प्रशासन को मरम्मत या मेंटेनेंस पर कोई खर्च नहीं करना होगा। इस पहल से जेल में बंद कैदियों को अब गर्मी के मौसम में शुद्ध पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ(राज)**

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2026/21838264 दिनांक :-27.04.2026

आपति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विक्रम सिंह पुत्र श्री बाबू लाल जाति राजपूत निवासी वार्ड नं.21 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने का आवासीय भूखण्ड साईज 1350 वर्गफुट के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत भूखण्ड कर अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री बाबूलाल पुत्र श्री सोहन सिंह राजपूत के नाम से साईज 300 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री बाबूलाल की मृत्यु दिनांक 23.01.2011 को हो चुकी है जिनके जावज वारिस श्रीमती भवरी देवी पत्नि श्री बाबूलाल, श्री करणी सिंह, विक्रम सिंह, मंजू देवी पुत्र-पुत्री श्री बाबूलाल है उक्त वारीसों द्वारा जरिये दस्तबरदारी दिनांक 30.03.2026 द्वारा उक्त भूखण्ड में से साईज 1350 वर्गफुट (उत्तरी हिस्सा) श्री विक्रम सिंह के पक्ष में अपना हक छोड़ दिया। जिसका अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा। (शैलेन्द्र कुमार गोदारा), अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर


## सतलोक आश्रम भिवानी में 118 यूनिट रक्तदान

■ 5 दहेज मुक्त शादियां हुई शेखावाटी से सतलोक आश्रम भिवानी पहुंचे हजारों लोग

चूरू (का सं)। भिवानी स्थित सतलोक आश्रम में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में चल रहे तीन दिवसीय विश्व शान्ति महा-धार्मिक अनुष्ठान का समापन हुआ। इस दौरान यहां 118 यूनिट रक्तदान किया गया। यहां 5 दहेज मुक्त शादियां (रमैणी) हुई। आश्रम में शास्त्र प्रमाणित आध्यात्मिक प्रदर्शनी लगाई गई। यहां आए लाखों लोगों में नशा जैसी कोई चीज दिखाई नहीं दी। आश्रम में व्यवस्था बहुत ही सराहनीय रही। उल्लेखनीय है कि आश्रम में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता है। इस मौके पर दलीप सिंह राठौड़ चलकोई, सुरजीत नायक बास ढाकान, रामूराम कड़वासरा बालरासर, कमल कुमार सुंडा सोमासी, बीजू सिंह राठौड़ रायपुरिया, पितराम सिंघमार बूंटिया, सुभाष स्वामी कड़वासर, सुभाष सैनी चूरू, नरेंद्र सोनी चूरू, खुमाराम रिड़खला सहित बड़ी संख्या में शेखावाटी से पुरुषों, बच्चों और महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। लोगों की ओर से जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज द्वारा चलाए जा रहे अन्नपूर्णा मिशन की सराहना की गई।

## प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीया पहुंची खाटूश्यामजी

सीकर, । राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी खाटूश्यामजी पहुँचीं, जहाँ उन्होंने बाबा श्याम के दरबार में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बाबा श्याम की चौखट पर शीश नवाकर देश एवं प्रदेश में सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। मंदिर परिसर में सेवक परिवार के प्रताप सिंह चौहान एवं नरेंद्र सिंह चौहान ने उपमुख्यमंत्री का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री ने खाटूश्यामजी में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 52 बीघा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, कथा पांडाल सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि विकास कार्यों की समीक्षा की गई है तथा जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी प्राप्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि खाटूधाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।

## विश्व हास्य दिवस पर स्वच्छता का संदेश

सीकर । विश्व हास्य दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं नगर परिषद सीकर द्वारा अनूठे अंदाज में स्वच्छता और खुशहाली का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शहर के स्मृति वन एवं मारू पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक की थैलियों, बोतलों एवं अन्य कचरे का संठाहण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन ने मिलकर पार्कों में सफाई की और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। अभियान के तहत लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए इसके कम से कम इस्तेमाल का संदेश दिया गया। इस मौके पर नगर परिषद सीकर के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हंसी केवल मन को प्रसन्न ही नहीं करती, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा भी देती है। यदि हम स्वच्छ वातावरण में रहेंगे, तो हमारा मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वच्छता और खुशहाली एक-दूसरे के पूरक हैं। हमें दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करे।

## बस स्टैंड के ḥया निरीक्षणइंटक का मनाया गया स्थापना दिवस

सीकर / इंटक का स्थापना दिवस रींगस ब्लॉक में जिला अध्यक्ष रणवीर लाखनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ इस अवसर पर लाखनी ने प्रदेश में मजदूरों के वर्तमान परिदृश्य मैं जनकल्याणकारी योजनाओं और मजदूर हितों में सफल क्रियान्वयन की प्रदेश सरकार से मांग की लाखनी ने केंद्र सरकार से नए श्रम संशोधन विधेयक लागू करने की हठधर्मिता पर भी पुनः विचार करने की मांग रखी इंटक स्थापना दिवस व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत।

# सच्ची शिक्षा पढ़ाई के साथ साथ आल राउंड डेवलपमेंट है : डॉ. दिलीप मोदी

झुंझुनूं । मोदी वर्ल्ड स्कूल विज्डम सिटी एक बार फिर कला और संस्कृति के एक अनूठे उत्सव का साक्षी बना। हॉस्टल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस बॉर्डर्स ईव सांस्कृतिक महोत्सव ने न केवल बच्चों में मनोरंजन का संचार किया। बल्कि भारत की अनूठी विरासत को एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया। मंच पर पड़ती रोशनी की पहली किरण के साथ ही ऑडिटोरियम में एक नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला। जहां विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। कार्यक्रम में जहां एक ओर विद्यार्थियों ने शास्त्रीय और भारतीय नृत्य की जुगलबंदी से समां बांध दिया, वहीं दूसरी ओर देशभक्ति के गीतों और मधुर वादन ने वातावरण को भावुक और गरिमामयी बना दिया। विशेष रूप से पारंपरिक लोक नृत्यों के माध्यम से छात्रों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को अत्यधिक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रत्येक प्रस्तुति में छात्रों का आत्मविश्वास और उनकी कड़ी मेहनत साफ दिखाई दी। महोत्सव का सबसे मनमोहक और मुख्य आकर्षण भारतीय संस्कृति पर आधारित राज्यों का नृत्य संगम रहा। इस गौरवशाली प्रस्तुति में भारत के विभिन्न कोनों से आए 50 से अधिक बच्चों ने एक साथ मंच साझा किया। विज्डम सिटी के इस मिनी इंडिया स्वरूप को तब सार्थकता मिली जब इन विद्यार्थियों ने अपने-अपने राज्यों के पारंपरिक परिधानों में वहां के लोक नृत्यों को प्रस्तुत किया। इसके साथ नन्हें बच्चों की प्रस्तुति ने भी सभी का मन मोह लिया। स्कूल चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्ची शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि वह छात्र के सर्वांगीण विकास से होती है। ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर छिपे टैलेंट को बाहर लाने और उन्हें आत्मविश्वासी बनाने में सहायक होते हैं। विजडम सिटी वास्तव में एक मिनी इंडिया है। जहां देश के हर कोने से आई प्रतिभाएं एक साथ फलती-फूलती हैं। हमारा उद्देश्य इन बच्चों को केवल डिठाी धारक बनाना नहीं, बल्कि उन्हें कला, संस्कृति और मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत करना है। ताकि वे वैश्विक मंच पर भारत का नाम रोशन कर सकें। जब एक छात्र मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करता है। तो वह न केवल अपना हुनर दिखाता है। बल्कि चुनौतियों का सामना करने का साहस भी सीखता है। यही वह असली शिक्षा है जो एक बेहतर समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती है। हॉस्टल निदेशक कुरड़ाराम धींवा ने होस्टल जीवन में सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक हॉस्टल केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक ऐसा संस्कार केंद्र है जहां अनुशासन और कला का संगम होता है। बॉर्डर्स ईव जैसे कार्यक्रम छात्रों के भीतर की झिझक को दूर कर उन्हें मंच प्रदान करता है। जिससे उनकी प्रतिभा निखर कर आती है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि घर से दूर रह रहे इन बच्चों को विजडम सिटी के इस मिनी इंडिया में ऐसा माहौल मिले। जहां वे अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व कर सकें और एक परिवार की तरह एकजुट होकर अपनी प्रतिभा को निखारें। स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने विद्यार्थियों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने नन्हें युवाओं के जोश को नई दिशा देते हुए कहा कि आज मंच पर जो आत्मविश्वास और कला कौशल हम देख रहे हैं। वह केवल एक प्रदर्शन नहीं बल्कि एक उज्ज्वल भविष्य की नींव है। ये बच्चे केवल कलाकार नहीं, बल्कि आने वाले कल के वे लीडर्स हैं। जो यहां से सीखे गए संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों के बल पर देश का नेतृत्व करेंगे।


भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA

गृह मंत्रालय भारत सरकार

हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)

स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

स्व-गणना क्या है?

स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?

नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?

प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?

हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

CBC 19108/13/0068/2627

टोल फ्री - 1855

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027